संक्षिप्त

समारोह का आयोजन

दूदू। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान सुशासन सप्ताह के दौरान दूध जिला मुख्यालय पर पंचायत समिति सभागार में भारत रत्न स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी दिवस पर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर वाजपेयी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर याद किया गया इस दौरान जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अमित शर्मा विकास अधिकारी अंकिता पाराशर लेखाकार शैलेंद्र परेवा प्रगति प्रसार अधिकारी विमल कुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित भाटी वरिष्ठ लिपिक राधेश्याम मीणा रेखा शर्मा सहित पंचायत समिति कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

गजेंद्र सिंह अध्यक्ष बने

मनोहरपुर। गजेंद्र सिंह राठौड़ को एकीकृत महासंघ का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष के पद पर आसीन होने पर ऑल राजस्थान इलैक्ट्रिसिटी एम्प्लाइज फ़ेडरेशन इंटक जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमावत, प्रदेश महामंत्री यूसुफ कुरैशी, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद मेहराज संरक्षक रामकिशोर मीणा प्रदेश संगठन मंत्रीअब्दुल अजीज लोहानी महेश कुमार हनुमान बागड़ा मनीष सोनी रमजान खान, चक्रवती शर्मा, रमेश कुमार वर्मा व मनीष बैरवा ने मुबारक़बाद दी है!

वाजपेयी को किया याद

निवाई। ग्राम पंचायत रजवास में स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की100वीं जयंती मनाई गई। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्व. वाजपेयी के बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सरपंच कानाराम जाट, कनिष्ठ सहायक नन्दकिशोर बैरवा, ई मित्र संचालक किशन चौधरी, लछमा देवी, राहुल नायक, प्रियंका जाट, प्रियंका मीना व अशोक चौधरी आदि मौजूद थे।

कार्यकारिणी का गठन

दूदू । जिला मुख्यालय के मौजमाबाद रोड स्थित एक निजी रिसोर्ट में बुधवार को नरेना रोड व्यापार मंडल के चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर कुंज बिहारी सोनी उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र सिंह उदयपुरिया को चुना गया मंडल में महामंत्री पद पर राहुल कुमावत कोषाध्यक्ष विजय कुमार अजमेरा को चुना गया समस्त कार्यकारिणी के गठन का अधिकार निर्वाचित पदाधिकारी को सोपा गया व्यापार मंडल के 225 सदस्यो द्वारा भाग लिया गया इस दौरान मनोज शर्मा प्रकाश धाभाई भूपत सिंह पवन कुमावत सरदार सिंह नाहर कैलाश अग्रवाल चेतन सोनी मनोज कुमार जैन बद्री प्रसाद गोरा सहित सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों के व्यापारी मौजूद रहे।

वाजपेयी की जयंति मनाई

मालपुरा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की 1००वीं जन्म जयंति पर भाजपाईयो ने शताब्दी वर्ष के रूप मे मनाई। भाजपा शहर मंडल कार्यालय मे जुटे भाजपाईयो को सम्बोधित करते हुये मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन ने वाजपेयी के बताये मार्ग पर चलते हुये संगठन को आगे बढाने व मजबूती प्रदान करने मे सहयोग करे। नदी को नदी से जोडने का वाजपेयी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सामुहिक प्रयास से ईआरसीपी के रूप मे साकार हो रहा है।

न्यायिक कार्य रहेगें स्थगित

कोटपूतली। सिविल न्यायालयों में बुधवार 25 दिसम्बर से आगामी 01 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। ाराजस्व न्यायालयों में न्यायिक कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने बताया कि संघ के सामूहिक निर्णय के अनुसार 25 दिसम्बर से 01 जनवरी तक समस्त राजस्व न्यायालयों में भी न्यायिक कार्य स्थगित रहेगे

आमंत्रण पत्रिका का विमोचन

निवाई। शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में आयोजित 16 दिवसीय भक्तामर अनुष्ठान को लेकर बुधवार को आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया। आचार्यके सानिध्य में पोस्टर का विमोचन किया गया।

स्वच्छता सप्ताह के तहत स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार।

■ वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया

दौसा। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कार्यक्रम उपस्थित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को सुशासन शपथ दिलाई। साथ ही स्वच्छता सप्ताह के तहत स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने सुशासन दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के विजन एवं सपनों को साकार करने के लिए प्रशासन में पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत प्रदान करें एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्रता अनुसार लाभान्वित करवाएं। उन्होंने कहा कि हम सुशासन को केवल एक दिवस एवं सप्ताह के रूप में ना मानें, बल्कि सुशासन के सिद्धांतों को अपनाते हुए अनवरत कार्यशील रहें। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य नीलम गुर्जर ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को सभी के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत में कविता के माध्यम से उनके जीवन को उद्घाटित किया। सुशासन दिवस कार्यक्रम में वक्ता डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रारंभिक जीवन से शिक्षा-दीक्षा के बारे में उपस्थितजन को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा प्रधानमंत्री रहते हुए किए गए कार्यों जैसे आरटीई एक्ट, नदी जोड़ो योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इत्यादि के बारे में भी अवगत करवाया।

कवि धर्मेंद्र कुमार धर्मी ने कविता गीत नया, गाता हूं तथा कवि रामेश्वर प्रसाद मीणा ने कदम मिलाकर चलना होगा, कविता के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के कवि हृदय की अनुभूतियों से रूबरू करवाया।

कविता के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वीप समन्वयक रामवीर चौधरी ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा पारीक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, नगर परिषद आयुक्त कमलेश कुमार मीणा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक राधेश्याम बैरवा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ प्रदीप कुमार अग्रवाल, जिला साक्षरता एवं सतत अधिकारी राजीवा शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, कार्मिक एवं आमजन उपस्थित रहे।

वाजपेई की जयंती मनाई

राजगढ़। भाजपा मंडल की ओर से राजगढ़ के प्रताप स्टेडियम में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में संगोष्ठी व उनकी कविताओं के रूप में मनाया गया। मंडल महामंत्री अजय यादव ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी रहे।

उन्होंने अटल बिहारी वाजपेई जी की जीवनी के बारे में बताया और कहां की जो पौधा भारतीय जनता पार्टी के रूप में उन्होंने लगाया आज वह वटवृक्ष बन चुका है हमें उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम मे पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सैनी, अशोक बजाज, मंडल महामंत्री प्रदीप शर्मा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम मे राकेश साहू, नंदकिशोर सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक खंडेलवाल, आशीष सिंह, रूपनारायण मीणा सुखराम सैनी, लोकेश शर्मा,सुखराम मीणा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रीराम कथा को लेकर निकाली विशाल कलश यात्रा

निवाई। हनुमान नगर में स्थित अभयदान हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के शुभारंभ पर बुधवार की सुबह भव्य कलशयात्रा निकाली गई। श्रद्धालु मनोज जैन, विमल विजय व श्यामबिहारी शर्मा ने बताया कि हनुमान नगर में स्थित अभय दाता हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के शुभारंभ पर श्री राधा दामोदर मंदिर से भव्य कलश यात्रा रवाना हुई। कलश यात्रा में सैंकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण करके शामिल हुई।

कलशयात्रा का जुलूस राधादामोदरजी के मंदिर से बेण्ड-बाजे के साथ रवाना हुए। जुलूस में शामिल महिलाएं व युवा भजनों की धुनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। जुलूस जयपुर रोड से होते हुए जमात, पेट्रोल पंप वाले बालाजी मंदिर, एफसीआई गोदाम, ओझा हॉस्पिटल होते हुए कथा स्थल पर पहुंची जहां कलशों को स्थापित किया गया। व्यास पीठ से आचार्य कृष्णकांत शर्मा ने भगवान श्रीराम के चरित्र पर कथा वाचन किया।

इस अवसर पर विधायक रामसहाय वर्मा, रामफूल शर्मा, जगदीश शर्मा, बुद्धिप्रकाश शर्मा, विनोद तिवाडी, विमल विजय व रवि अग्रवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

श्रीराम कथा को लेकर आयोजित कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

13 छात्राओं को मिली साइकिलें

निवाई। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय करीरिया में मुख्य अतिथि भाजनानन्दगिरी आश्रम के संत कर्मानंदगिरी महाराज के सानिध्य में छात्राओं को निःशुल्क साइकिले वितरित की गई। साईकिले मिलने पर छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड गई। मुख्य अतिथि संत कर्मानंदगिरी महाराज ने छात्राओं को मन लगाकर पढने व अपना व परिवार और गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि आज छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आपको भी अपना लक्ष्य तय करके आगे बढना है। उन्होंने कहा कि साईकिल मिलने से छात्राओं की राह भी आसान होगी। प्रधानाचार्य वेदप्रकाश मिश्र ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों व सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया। साईकिल वितरण प्रभारी श्रीराम बैरवा ने बताया कि विद्यालय की 13 छात्राओं को निःशुल्क साइकिले वितरित की गई।

अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्थाओं में लापरवाही का आरोप, किया प्रदर्शन

■ मालपुरा सीएचसी के सामने वृद्ध का शव रख परिजनो ने किया प्रदर्शन

मालपुरा । राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा मे बुधवार को उपचार के लिये पहुंचे वृद्ध की उपचार के दौरान हुई मौत पर गुस्साये परिजनो ने अस्पताल मे चिकित्सा व्यवस्थाओं मे बरती जा रही लापरवाही का आरोप लगाते हुये अस्पताल के सामने शव रख दो घंटे तक किया प्रदर्शन व नारेबाजी। पार्षद मजीद ने मिडिया को बताया कि बुधवार की दोपहर मौहल्ला सादात निवासी 6० वर्षिय अब्दुल कय्युम पुत्र मुस्ताक उर्फ कल्लू के सीने मे दर्द होने पर परिजनो के साथ मालपुरा सीएचसी पहुंचा। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण कर ईसीजी की आवश्यकता जताते हुये वार्ड मे भर्ति कर लिया। पार्षद ने बताया कि अस्पताल मे तीन ईसीजी मशीने उपलब्ध होने व ईसीजी करने वाला स्थाई कर्मचारी पदस्थापित होने के बावजूद भर्ति मरीज की ईसीजी नही की गई।

वार्ड मे ईसीजी मशीन खराब होने व ईसीजी करने वाला कार्मिक उपलब्ध नही होने पर बाहर से ईसीजी करवाई गई। इस प्रक्रिया मे तकरीबन आधा घंटे से अधिक का समय खराब होने व समय पर वृद्ध को उपचार नही मिलने से उसकी मौत हो गई। अस्पताल मे व्याप्त अनियमिताओं को लेकर पूर्व मे भी इस प्रकार कई लोगो को बाहर से ईसीजी व जांच करवाने तो कई लोगो को अकाल मौत का शिकार होना पडा। लेकिन अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर ना तो जिला चिकित्सा अधिकारी और ना ही ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी व उपखण्ड प्रशासन द्वारा कोई संज्ञान नही लिये जाने का खामियाजा आज हृदयघात का शिकार हुये अब्दुल कय्यूम को समय पर उपचार के अभाव मे अपनी जान गवानी पडी है।

मामले को लेकर जिला कलेक्टर व उपखण्ड अधिकारी को दूरभाष के जरिये अवगत करवाने का प्रयास किया लेकिन दोनो ही अधिकारियो ने फोन रिसिव नही किया। गुस्साये परिजनो ने शव को अस्पताल के सामने रख अस्पताल व प्रशासन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी करते हुये प्रदर्शन किया। सुचना पर पहुंची थाना पुलिस अधिकारियो ने परिजनो से समझाईश कर शव को घर ले जाने के लिये राजी किया। अनियमित्ता को लेकर परिजनो द्वारा लगाये गये आरोपो पर अस्पताल प्रभारी व ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि परिजनो द्वारा लगाये गये आरोप निराधार है। ईसीजी मशीन खराब होने की जांच करवाई जायेगी। हृदयघात के मरीज अब्दुल कय्यूम को वार्ड मे उचित ट्रीटमेन्ट दे ईसीजी मे आये ब्लॉकेज के बाद परिजनो को तत्काल उपचार के लिये जयपुर ले जाने की जानकारी दे रैफर किया गया था।

मृतक के परिजन बशीर अहमद, मजीद, अनवार लाला सहित अन्य ने बताया कि मालपुरा को राज्य सरकार जिला अस्पताल बनाने की घोषणा व आदेश तो जारी कर दिये लेकिन मालपुरा सीएचसी मे लम्बे समय से चिकित्सा व्यवस्था को लेकर बरती जा रही लापरवाही व व्याप्त अनियमित्ताओं मे सुधार का कोई प्रयास नही किया गया है। जिसका खामियाजा एक के बाद एक हो रही मरीजो की मौत अथवा उपचार के लिये टोंक व जयपुर जाने पर विवश होना पड रहा है।

बदलाव से ही समाज में सुधार संभव : मंत्री खर्रा

शाहपुरा। धार्मिक नगरी त्रिवेणी धाम में महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती अवसर पर बुधवार को श्री धन्ना भगत जाट समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में जाट गौरव सम्मान समारोह 2024 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न बोर्ड कक्षाओं में अव्वल, आईआईटी, राजकीय सेवा में चयनित 210 प्रतिभाओं व 23 वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक बदलाव की ओर कदम बढ़ाते हुए जाट समाज धर्मशाला ट्रस्ट के 27 संस्थापक सदस्यों द्वारा सगा पैरावानी ना करेंगे ना ही करवाएंगे, जलवा व पेज का आयोजन नहीं करेंगे,डीजे को पूर्ण रूप से बंद रखने,किसी की मृत्यु होने पर ससुराल से दूशाला व महिला के पीहर से केवल चुनरी ओढ़ाने व बाकी को बंद रखेंगे,लगन वाटिका रसम में सागा व सई को किसी भी प्रकार के जेवर भेंट नहीं करेंगे और ना ही लेंगे का संकल्प लिया।

अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष नरसिंह लाल कपूरिया व जाट समाज चौरासी के अध्यक्ष सेवानिवृत्त के इंजीनियर बाबूलाल रूंडला थे। विशिष्ट अतिथि विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, डॉक्टर फूलचंद भिंडा, मुख्य मोटीवेटर डॉक्टर भागचंद बधाल सचिव कर्मचारी चयन बोर्ड राजस्थान,मुख्य वक्ता डॉक्टर पेमाराम अध्यक्ष तेजा फाऊंडेशन जयपुर थे। कार्यक्रम मे त्रिवेणी धाम के महंत संत शिरोमणि राम रिछपाल दास जी महाराज, अरणिया धाम के महंत हरिदास जी महाराज,धन्ना पीठाधीश्वर बजरंग दास जी महाराज, डाकोर धाम के राम रतन दास जी महाराज ने आशीर्वचन देते हुए ट्रस्ट के संस्थापक सदस्यों द्वारा समाज सुधार के लिए दिए गए निर्णयों को अभिनव पहल बताया। ट्रस्ट के अध्यक्ष से नरसिंह लाल कपूरिया ने स्वागत भाषण,महामंत्री प्रहलाद पलसानिया ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व महाराजा सूरजमल को याद किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरीय स्वायत शासन शासन मंत्री खर्रा ने मृत्यु भोज बंद करने की पैरवी करते हुए कहा कि शुरुआत में काफी लोगों के ताने सुनने पड़ते हैं। हम समाज सुधार की बातें तो करते हैं। लेकिन उस पर अमल नहीं करते और हर वर्ष नई कुरीतियों को ओढ़ लेते हैं।उन्होंने वर्तमान में लोग लोन लेकर भांत,शादी मे मृत्यु भोज में व जलवा आदि कार्यक्रमों में खुड़का करना व रगड़ निकालना का जोर-जोर से प्रचलन चल रहा है।

‘धर्म के आचरण करने से ही मनुष्य का उद्धार हो सकता हैं’

■ शिव महापुराण कथा का कलश यात्रा से शुभारंभ

चाकसू। बुधवार के दिन चाकसू कस्बे के चम्पेश्वर महादेव मंदिर में शुरू हुई शिव महापुराण कथा के शुभारंभ पर लोग भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आये। जिसका आनंद श्रद्धालु आगामी 2 जनवरी तक उठाएंगे।

श्री चम्पेश्वर महादेव धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री शिवपुराण कथा का चम्पेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हो गया है। कथाकार अमिताचार्य महाराज ने आदिदेव भगवान शिव के बारे में जानकारी देते हुए शिवपुराण कथा को सभी धर्म शास्त्रों का सार तत्व बताया एवं कहा कि इस कलयुग में धर्म के आचरण करने से ही मनुष्य का उद्धार हो सकता है। इसके लिए दिखावटी आवरण एवं आडंबर की आवश्यकता नहीं है।

कथा के शुभारंभ से पूर्व यहां गोपीनाथ मंदिर पर कलशयात्रा में भाग लेने वाली महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं को अल्पाहार करवाया गया। यहां शिवपुराण की विधिवत पूजा अर्चना कर कथावाचक अमिताचार्य जी महाराज की वंदना करते समय कार्यक्रम के मुख्य यजमान रूक्मिणी देवी रामकिशोर सोनी, पुष्पा देवी कैलाश शर्मा, उमा शर्मा दिनेश कुमार शर्मा एवं लक्ष्मी देवी मीठालाल शर्मा ने अपना दायित्व निभाया।

यहां से एक सुसज्जित रथ पर कथावाचक अमिताचार्य महाराज, शिवपुराण पौथी के आगे पीली साड़ी धारण कर लगभग 251 महिलाओं के साथ बैंड-बाजा की मधुर ध्वनि पर कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

गोस्वामी विद्या मंदिर चाकसू के सामने अमिताचार्य महाराज राजेंद्र पुरीजी एवं चारों यजमानों को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कथास्थल पर पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं कलशयात्रा में शामिल महिलाओं को भोजन कराया गया।कथा का समय दोपहर बाद 12.30 से 4.30 तक रखा गया है।

कथा शुभारंभ के मौके पर क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा कोटखावदा पंचायत समिति प्रधान प्रहलाद मीणा और पूर्व शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा प्रधानाचार्य रामलाल मीणा गुर्जर समाज अध्यक्ष श्रवण गुर्जर दिनेश पोस्टमैन दिनेश शर्मा राम प्रकाश शर्मा पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा बनवारी लाल शर्मा भाजपा अध्यक्ष कोटखावदा सहित क्षेत्र के कहीं जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु पहुंचे कथा एवं आरती के बाद सभी ने पंगत प्रसादी ग्रहण किया।

श्री शिवपुराण कथा से पहले भव्य झांकी के साथ निकाली कलशयात्रा।

कार्यशाला का आयोजन

मालपुरा। प्रदेश मे हो रहै क्राईम व साईबर ठगी को रोकने व नवीन आपराधिक कानून सहित अन्य मुद्दो पर चर्चा व जानकारी को लेकर बुधवार को अजमेर रैंज आईजी ओमप्रकाश के आतिथ्य मे एक दिवसीय जिला स्तरीय पुलिस कार्यशाला का आयोजन किया गया। केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर मे आयोजित हुये जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन कार्यशाला का शुभारम्भ आईजी ओमप्रकाश ने करते हुये बताया कि महानिदेशक,महानिरीक्षक,पुलिस सम्मेलन के तर्ज पर आज जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की गई है जिसका उदेश्य कटिंग ऐज पुलिस अधिकारियो का सुझाव व सिफारिशो से अवगत करवाना है। पुलिस अधिक्षक विकास सांगवान ने आईजी का स्वागत अभिनन्दन कर अपना उदबोधन दिया। जिला स्तरीय पुलिस सेमिनार मे अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, पुलिस उपाधिक्षक देवली, मालपुरा, निवाई, पीपलू, सहित जिले के थानाधिकारी व जिले के सभी थानो से एक हैडकांस्टेबल व कांस्टेबल ने भाग लिया। सेमिनार मे क्रिमिनल गैंग के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।

सार-समाचार

तुलसी पूजन दिवस मनाया

फुलेरा । कस्बे की बिचून रोड़ के निकट आदर्श कॉलोनी में संचालित त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में बुधवार को तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम के प्रारंभ में आगुंतक अतिथियों का शाला समिति के पदाधिकारी मीनाक्षी शर्मा, दिव्या चौहान, रिंकू शर्मा ने माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। इसके बाद अतिथियों ने मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और तुलसी माता की पूजा अर्चना की। साथ ही बाद मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न स्टालें लगाई। 25 दिसम्बर को मनाया जाने वाला यह त्यौहार दीये जलाने, मिठाई चढ़ाने और पौधे लगाने जैसे अनुष्ठानों के माध्यम से भक्ति, पवित्रता और दिव्य आशीर्वाद पर प्रकाश डालता है। इस मौके पर अभिभावकों, नगर वासियों और विद्यार्थियों ने भी बाल मेले में शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा लगाई गई स्टालों पर विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया। स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के अन्तिम चरण में सीमा शर्मा ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर निदेशक दिलीप सुरोलिया, मीनाक्षी शर्मा, दिव्या चौहान, रिंकू शर्मा, चंचल कुमावत, सुनीता सैनी, सोनिका प्रजापति, अनिता सैनी, जतिन ग्रोवर, चंचल वर्मा, गायत्री शर्मा, भगवती, भारती सैनी, प्रिया कुमावत, नेहा कयाल, ऐश्वर्या शर्मा, ज्योति सैनी, इशिका अजमेरा, प्रीति शर्मा, हर्षिता शर्मा, नेहा परेवा, मधु सैनी, शकुंतला वर्मा सहित अन्य कई प्रबुद्धजन और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रोवर रेंजर शिविर में टोंक की भागीदारी

टोंक। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में राज्य स्तरीय 64वां रोवर मूट एवं 50 वीं रेंजर मीट 26 से 30 दिसम्बर 2024 तक स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र पुष्कर घाटी अजमेर में आयोजित होगा। इसमें भाग लेने हेतु राजकीय महाविद्यालय टोंक से देवेन्द्र सिंह मीना, विजय कुमार यादव, विशाल कुमार मेहरा, तुलसी राम बैरवा, ओपन रोवर क्रू से दिपेन्द शर्मा, लोकेश कुमार बैरवा, पी.एम.श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली से इन्द्र कुमार मीणा, अनीश मीणा, निवेदिता ओपन रेंजर टीम टोंक से साक्षी साहू, राधिका महावर, शालिनी बारेठ, संध्या चावला का चयन हुआ। सी. ओ. स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग, सी. ओ. गाइड आचू मीणा के अनुसार रोवर मूट रेंजर मीट में शिविर कला, प्रदर्शनी, सामुहिक गतिविधियां, भ्रमण, ओवर नाईट हाईक, साहसिक गतिविधियां, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं एडंवेचर बेस गतिविधिया एस.डी.जी प्रोजेक्ट मेसेन्जर आफ पीस, आपदा प्रबंधन प्रदर्शन, सामान्य ज्ञान, फैशन शो, लोकनृत्य एवं लोकगीत, टेलेन्ट शो, स्किल ओ रामा, दक्षता बैज, इत्यादि प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। शिविर दौरान सशक्त युवा विकसित राजस्थान जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान होगा। शिविर में भाग लेने हेतु दल रवाना हुआ। इस अवसर पर रोवर लीडर रेंजर लीडर सचिव स्थानीय संघ ट्रेनिंग काउंसलर उपस्थित हुए।

श्री रामकथा कथा का शुभारंभ

पावटा। बाबा भरतदास जी सेवा समिति टोरडा(रामपुरा) गुजरान द्वारा बाबा भरतदास बगीची टोरडा गुजरान मे श्री श्री 108 मंगलदास महाराज के सानिंध्य मे आज कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा का शुभारम्भ होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह कथा 1 जनवरी तक चलेगा। श्री 108 मंगलदास महाराज ने बताया कि मां नर्बदा की कृपा पात्री साध्वी श्री अखिलेश्वरी दीदी मां वागदी संगम आश्रम, नेमावर इंदौर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक बाबा भरतदास बगीची टोरडा गुजरान में श्री राम कथा का वाचन करेंगी। आज सुबह 10 बजे बांधा वाले हनुमान जी महाराज से कार्यक्रम स्थल तक बाजे -गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। वही आयोजकों ने बताया कि 1 जनवरी 2025 को दोपहर 2 बजे से प्रसादी के साथ समापन होगा। कार्यक्रम की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। इस आयोजन मे संत श्री रघुनाथदास महाराज, जयरामदास महराज, विशम्बरदास महाराज, रामशरणदास महाराज, शिवदयाल दास महाराज, राधेश्याम दास महाराज सहित क्षेत्र के संत महात्मा उपस्थित रहेंगे।

उपन्यास ‘किन्नर मॉं’ का विमोचन

दौसा। प्रगतिशील लेखक संघ, दौसा और कला पंख संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज होटल रावत पैलेस में रचना-पाठ व संवाद का कार्यक्रम कोहरे में साहित्य का आयोजन किया गया। जिसमे लेखक राजेन्द्र यादव के उपन्यास ‘किन्नर मॉं’ का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने कहा कि विचारों पर यह कोहरा जो अंधेरे का ही पर्याय है, सदा से ही छाया रहा है। हर समय का अपनी तरह का धुंधलका होता है लेकिन साहित्यकारों का दायित्व है कि वे अपनी रचनाओं के जरिए अपनी आवाज उठाए और इसका प्रतिरोध करें। कहानीकारों में धर्मेंद्र कुमार सैनी ने नया गाँव, अजय अनुरागी ने बीच में घर, राजेंद्र यादव आजाद ने दिखावा, ज्ञान चंद बागड़ी ने कुण्डली, रजनी मोरवाल ने मरीन ड्राइव की ख़ाली बोतल, चरण सिंह पथिक ने रोजड़े, व डॉ हेतु भारद्वाज ने पंच परमेश्वर कहानी सुनाई।

निशुल्क कोर्स 6 जनवरी तक

सांभरझील। डॉ.भीमराव अंबेडकर चेतना समिति, सांभरलेक के तत्वावधान में पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा द्वारा शीतकालीन अवकाश के दौरान आज से आगामी 6 जनवरी तक अंबेडकर भवन में प्रतिदिन दोपहर 1 से 3 बजे तक इंग्लिश स्पोकन का विशेष कोर्स निःशुल्क करवाया जा रहा है जिसमें सभी जाति, धर्म के स्कूल, कॉलेज एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थी इस कोर्स का लाभ ले रहे हैं। डॉ.दायमा कॉलेज शिक्षा प्राचार्य पद से सेवानिवृत होने के बाद 1 जुलाई, 2024 से नियमित रूप से अंग्रेजी एवं विज्ञान की निःशुल्क कक्षाएं अंबेडकर भवन में संचालित कर रहे हैं। सांभर में निरंतर शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। अंग्रेजी बोलने में दक्ष होने पर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं युवाओं को पर्यटन, होटल एवं अन्य व्यवसायिक क्षेत्र तथा जीवन प्रत्येक क्षेत्र में लाभ मिलेगा। आर्थिक रूप से कमजोर एवं अनपढ़ माता-पिता होने के कारण विद्यार्थियों का अंग्रेजी विषय कमजोर रहता है इस कमी को पूरा करने के लिए डॉ. दायमा निरंतर प्रयास कर रहे हैं। जिससे वंचित वर्ग के बच्चे भी अंग्रेजी दक्षता सीख कर जीवन में सफलता प्राप्त कर सके।

पोस्टर का विमोचन

चाकसू।अयोध्या में लगभग 500 वर्षों के संघर्षों के बाद फटेहाल टेंट में बिराज रहे राम लला को पुनः विधिविधान पूर्व भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरा होने की खुशी में कस्बे के मनोहरा तालाब पर स्थित श्री गोपीनाथ भगवान मंदिर प्रांगण में 11 जनवरी 2025 शनिवार को रामायण पाठ शुभारंभ एवं 12 जनवरी को अपराह्न पूर्णाहुति के साथ यहां आरती एवं श्री बजरंग सत्संग मंडल चाकसू द्वारा सत्संग एवं भजनोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। जिसके कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन विधायक रामावतार बैरवा एवं पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा के द्वारा किया गया है इस दौरान पूर्व शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा प्रधानाचार्य रामलाल मीणा गुर्जर समाज अध्यक्ष श्रवण गुर्जर दिनेश पोस्टमैन दिनेश शर्मा राम प्रकाश शर्मा पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा बनवारी लाल शर्मा भाजपा अध्यक्ष कोटखावदा सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

अटल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

सांभरझील। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी एडवोकेट दिव्य राजवीर गुर्जर एवं पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मेंद्र जोपट के संयुक्त सानिध्य में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गुर्जर ने नम आंखों से उन्हें याद किया तथा उनके दिए गए योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पूर्व पार्षद जोपट ने सभी को उनके बताए आदर्श पर चलने तथा जीवन में सच्चे मार्ग पर डटे रहकर हर आम आदमी की ईमानदारी से मदद करने का संकल्प दिलाया। संकल्प लेने वालों में अध्यक्ष बालकिशन जांगिड़, अनेक कर्मचारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।